दैनिक पूर्वोदय
सही दिशा, सही खबर

काजीरंगा में एआईजीएमएफ की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

भारत सहित जापान अमेरिका युगांडा और इंडोनेशिया ने लिया हिस्सा

गुवाहाटी, 9 मार्च (पू.सं.)। काजीरंगा में ऑल इंडिया ग्लास मैन्यूफैक्चरर्स फेडरेशन (एआईजीएमएफ) की कार्यकारिणी सभा एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी के आतिथ्य में आयोजित की गई, जिसमें भारत से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एआईजीएमएफ के 80 साल के इतिहास में यह पहली बार है कि संघ की कार्यकारिणी बैठक असम के काजीरंगा में आयोजित की गई। इस बैठक में जापान, अमेरिका, युगांडा और इंडोनेशिया सहित भारत और विदेश के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एनईएस रिफेक्टोरिज एलएलपी के प्रबंध निदेशक अमन गुप्ता ने किया। इस बैठक में जापान की निप्पॉन इलेक्ट्रिक ग्लास कंपनी, गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड, शॉट पूनावाला प्राइवेट लिमिटेड, बोरोसिल, एजीआई, आइकॉनिक ग्लास, सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट सहित प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। बैठक में 'सस्टेनेबल ग्लास मैन्यूफैक्चरिंग की ओर', 'ग्रीन बिल्डिंग और सीएसआर पहल के लिए फ्लैट ग्लास', 'विविधता की शक्ति : विकास को बदलने वाली महिला नेता' और 'ग्लास मैन्यूफैक्चरिंग में विज्ञान की भूमिका' जैसे विषयों पर जानकारीपूर्ण सत्र शामिल थे। ये सत्र एआईजीएमएफ की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। एआईजीएमएफ के अध्यक्ष राजेश खोसला, पीके शुक्ला (अध्यक्ष, शॉट ग्लास), शीवीर खेरीका (एमडी, बोरोसिल ग्लास), अमन गुप्ता (एमडी, एनईएस रिफ्रैक्टरीज) मंच पर मौजूद थे। काजीरंगा में पहली बार आयोजित यह सभा काफी सार्थक साबित हुई।